पुत्रकाम शुभ जग्य करावा ।। भगति सहित मुनि आहुति दीन्हे प्रगटे अगिनी चरू कर लीन्हे ।।
जो बसिष्ठ कछु हृदय बिचारा । सकल काजु भा सिद्ध तुम्हारा ।।
|| Ram Katha 965 - *मानस गोपनाथ || Gopnath, Mahua ( Gujarat) || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 174 | इंदौर, बुधवार 07 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मप्र में कोहरे का 'कहर'

# 14 घंटे तक लेट हुईं ट्रेनें, कड़ाके की ठंड में प्लेटफॉर्म पर ठिठुर रहे मुसाफिर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं और घने कोहरे ने मध्य प्रदेश में रेल यातायात की कमर तोड़ दी है। कोहरे का असर इतना घातक है कि पटरियों पर ट्रेनें रेंगने को मजबूर हैं, जिससे हजारों यात्रियों का सफर मुसीबत बन गया है। मंगलवार सुबह राज्य के अधिकांश हिस्सों में दृश्यता (विजिबिलिटी) घटकर मात्र 20 मीटर रह गई, जिसका सीधा असर लंबी दूरी की ट्रेनों के संचालन पर पड़ा है।

### 14 घंटे तक लेट हुईं ट्रेन

घने कोहरे के कारण उत्तर भारत से भोपाल और इटारसी की ओर आने वाली मुख्य ट्रेनें अपने निर्धारित समय से 10 से 14 घंटे की देरी से चल रही हैं। रेलवे से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, श्रीधाम एक्सप्रेस इटारसी स्टेशन पर 13.5 घंटे की देरी से पहुंची। वहीं, अगरतला–रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन की स्थिति और भी खराब रही, जो लगभग 14 घंटे की देरी से चली। देरी का यह सिलसिला यहीं नहीं थमा; मालवा एक्सप्रेस, सचखंड एक्सप्रेस, कर्नाटक एक्सप्रेस और तमिलनाडु एक्सप्रेस जैसी प्रीमियम ट्रेनें भी 2 से 5 घंटे तक विलंब से चल रही हैं।

### कड़ाके की ठंड से परेशान यात्री

स्टेशनों पर हालात काफी चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं। कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच यात्रियों को खुले प्लेटफॉर्म पर घंटों ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है। कोहरे की वजह से न केवल यात्रियों का समय बर्बाद हो रहा है, बल्कि ट्रेनों के रिशेड्यूल होने से पूरा रेलवे टाइम-टेबल गड़बड़ा गया है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने और नमी के बढ़ने से जनवरी का यह कोहरा अभी अगले तीन दिनों तक और गहरा सकता है।

### मौसम विभाग का अलर्ट

मौसम विभाग ने अगले 72 घंटों के लिए 'डेंस फॉग' (घना कोहरा) का अलर्ट जारी करते हुए रेल यात्रियों को घर से निकलने से पहले ट्रेनों की लाइव लोकेशन चेक करने की सलाह दी है।

# मंत्रि-परिषद की बैठक में मंत्री-परिषद सदस्यों को मिले टैबलेट

## ● पारदर्शिता और समय की बचत के लिए सभी मंत्री नई व्यवस्था का लें लाभ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश में एक नए नवाचार करते हुए आज मंत्रि-परिषद की बैठक में मंत्रि-परिषद के सभी सदस्यों को टैबलेट वितरण किया। उन्होंने बताया कि मंत्रि-परिषद से संबंधित संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। मंत्रालय में मंगलवार को हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में कैबिनेट के सदस्यों और मंत्रि-परिषद के भारसाधक सचिवों को टैबलेट प्रदाय करने की शुरूआत हुई। कैबिनेट के सदस्यों ने टैबलेट प्राप्त किए और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार माना।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत ई-कैबिनेट की पहल हुई है। ई-कैबिनेट



एप्लीकेशन के संबंध में संबंधितों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह एप्लीकेशन आधुनिक तकनीक, पेपरलैस, सुरक्षित और ऐसी गोपनीय प्रणाली है, जिसे मंत्रि-परिषद सदस्य कभी भी और कहीं भी अपनी सुविधा के अनुसार अवलोकन कर सकते हैं। मुख्य रूप से मंत्रि-परिषद की कार्य सूची देखने, ई-कैबिनेट एप्लीकेशन द्वारा पूर्व की बैठकों में लिए गए निर्णयों का पालन-प्रतिवेदन देखने में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि पारदर्शिता और समय की बचत के लिए मंत्रि-परिषद सदस्य नई व्यवस्था का पूरा लाभ लेंगे। प्रारंभ में मंत्रि-परिषद बैठक का एजेण्डा भौतिक एवं डिजिटल रूप दोनों फार्मेट में भेजा जाएगा, बाद में यह पूर्णता डिजिटल रूप में भेजा जाएगा। इस पेपरलैस व्यवस्था अर्थात ई-कैबिनेट एप्लीकेशन प्रारंभ होने से भौतिक रूप से होने वाले फोल्डर वितरण, कागज एवं समय की बचत हो सकेगी। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने बताया कि वर्ष 1960 से लेकर अब तक लिए गए मंत्रि-परिषद के निर्णयों को डिजिटलाइज किया गया है। गत 2 वर्ष के मंत्रि-परिषद के निर्णय एक क्लिक पर देखे जा सकते हैं। मंत्रि-परिषद की बैठक के अंत में एक प्रेजेंटेशन द्वारा मंत्रियों को टैबलेट के उपयोग को प्रारंभ करने के उद्देश्य, व्यापक उपयोगिता और टैबलेट के कार्य संचालन की बुनियादी जानकारी दी गई।

## घरों में ताला लगाकर गांवों की ओर भागे लोग

# जान बचाने के लिए भागीरथपुरा से पलायन शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के भागीरथपुरा में पानी में ज़हर मिलने से हुई मौतों के बाद, तीन किराएदार परिवार अपने मूल गांवों लौट गए हैं। ये परिवार खुद बीमार पड़ने या बच्चों को तकलीफ में देखने के बाद यह फैसला कर पाए। सरकार या नगर निगम ने ऐसा करने को नहीं कहा था।**

स्थानीय लोगों का कहना है कि भागीरथपुरा में हालात सुधर रहे हैं। लोग अब बहुत सावधानी बरत रहे हैं। उन्होंने नर्मदा का पानी पीना पूरी तरह बंद कर दिया है। लोग या तो टैंकर के पानी पर निर्भर हैं या फिर 20 रुपये प्रति लीटर वाला आरओ का पानी खरीदकर उबालकर पी रहे हैं।



एक स्थानीय निवासी ने बताया, 'सब लोग अब सावधान हैं। पानी उबालकर ही इस्तेमाल कर रहे हैं, कोई खतरा नहीं उठा रहा।' उन्होंने यह भी कहा कि ज्यादातर परिवार सावधानी बरतते हुए यहीं रह रहे हैं। ऐसे ही एक परिवार के मुखिया सुरेंद्र रावत, जो एक औद्योगिक इलाके में मजदूरी करते हैं, ने 31 दिसंबर को अपने एक कमरे के किराए के मकान में ताला लगाया और सागर जिले के अपने गांव शाहपुर के लिए बस पकड़ ली। सुरेंद्र ने बताया कि उनकी 13 साल की बेटी दूषित पानी पीने से बीमार पड़ गई थी। बेटी के इलाज में उनके करीब 10,000 रुपये खर्च हो गए, जो उनकी सारी बचत थी। सुरेंद्र ने बताया, 'मेरी बेटी लगातार उल्टी कर रही थी और बहुत कमजोर हो गई थी।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं दिन में 300-400 रुपये कमाता हूं, और वह भी पक्के नहीं हैं। अगर मेरे दूसरे बच्चे भी बीमार पड़ जाते तो मैं इसका खर्च नहीं उठा पाता, इसलिए मुझे अपने मूल स्थान जाना पड़ा।' एक और परिवार, राजकुमार रावत और उनकी पत्नी इमरती रावत भी भागीरथपुरा छोड़कर अपने मूल गांव करापुर, सागर चले गए हैं। राजकुमार बीमार पड़ गए थे। यह जोड़ा एक कमरे के किराए के मकान में रहता था। इमरती ने बताया कि उनके मकान मालिक ने उनसे लौटने पर किराया मांगा है, क्योंकि राजकुमार के इलाज में उनका सारा पैसा खर्च हो गया था। इमरती ने बताया, 'यहां कोई काम नहीं है, लेकिन कम से कम मेरे ससुराल में हमारा अपना घर है और सुरक्षित पानी और खाना है।' विधवा शीला भी अपने दो बच्चों के साथ अस्थायी रूप से चली गई हैं। एक पड़ोसी ने बताया कि जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, वह वापस नहीं आएंगी।

# भागीरथपुरा क्षेत्र में जिला प्रशासन के निर्देशन में कोबो टूल का प्रयोग किया गया, विस्तृत सर्वे कार्य पूर्ण

## प्रत्येक घरों में ओ.आर.एस. के 10 पैकेट एवं जिंक की 30 टेबलेट वितरित की गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई जलजनित घटना के बाद प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों से सुधार नजर आने लगा है। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने भागीरथपुरा के प्रभावित क्षेत्र में सघन दौरा किया। भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशक (RoHFW-GOI) डॉ. चंद्रशेखर गेदाम तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने आज कोबो टूल का प्रयोग किया गया। इस टूल के माध्यम से किसी भी स्थिति का रियल टाईम में जानकारी प्राप्त की जाती है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार भागीरथपुरा क्षेत्र में 05 एम्बुलेंस लगाई गई हैं। 24x7 चिकित्सकों की ड्यूटी क्षेत्र में लगाई गई है। प्रभावितों को एम. व्हाय. चिकित्सालय, अरविंदो अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरु अस्पताल में रेफर किया जा रहा है। जो मरीज निजी चिकित्सालयों में जा रहें हैं, वहाँ पर भी निःशुल्क उपचार, जाँच एवं औषधि हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी द्वारा निर्देशित किया गया है। प्रशासन और नगर निगम द्वारा भागीरथपुरा के प्रभावित क्षेत्रों में नर्मदा तथा बोरिंग पाईप लाईनों के लीकेज आदि का सुधार कार्य करवाया गया। वर्तमान में जिस टंकी से क्षेत्र में पानी का वितरण किया जा रहा है उसे सुपरक्लोरिनेट (2 PPM से अधिक) कर वितरण किया जा रहा है। साथ ही पाईप लाइन की फ्लशिंग का कार्य भी किया जा रहा है। इसके अलावा उपभोक्ताओं के यहां किये जा रहे नर्मदा जलापूर्ति की रेशिड्यूल क्लोरिन भी चेक की जा रही है। प्रशासन द्वारा नगर निगम के सहयोग से प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही क्लोरिनेशन का कार्य लगभग 450 प्रायवेट बोरवेल का भी क्लोरिनेशन कराया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्र के सभी ड्रेनेज चेम्बर, बेकलेन आदि की सफाई करायी जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि आज भागीरथपुरा क्षेत्र में विस्तृत सर्वे कार्य पूर्ण हो गया। सर्वे में लगभग 61 टीमें बनाई गई थी। प्रत्येक टीम ने घरों में कोबो टूल के माध्यम से रियल टाईम सर्वे किया। इसके तहत सर्वे टीम ने भागीरथपुरा क्षेत्र के प्रत्येक घर में ओ.आर.एस. के 10 पैकेट एवं जिंक की 30 टेबलेट वितरित की। इसके साथ-साथ ही एक क्लिनवेट ड्राप भी वितरित किए गए।

डॉ. हासानी ने बताया कि सर्वे टीम द्वारा नागरिकों को क्लिनवेट के उपयोग के बारे में जागरूक किया गया। बताया कि 10 लीटर पानी में क्लिनवेट की 10 बूंदें डालकर उसे एक घंटा रखने के बाद उपयोग करें। इस प्रक्रिया से पानी शुद्ध होता है। सर्वे टीम द्वारा नागरिकों को स्वास्थ्य परामर्श, टोल-फ्री नं. 940-650-5508 की जानकारी भी दी गई। साथ ही दवाई का डोज पूरा करने का संदेश, पानी को उबालकर पीने की सलाह, संदिग्ध लक्षणों वाले व्यक्तियों का चिन्हांकन, हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन भी बताया गया। टीम द्वारा अस्पताल से स्वस्थ होकर घर आ गए व्यक्तियों के फॉलोअप की जानकारी ली गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि टीमों ने भागीरथपुरा क्षेत्र में घर-घर दौरा किया। इस टीम में नर्सिंग ऑफिसर, सी.एच.ओ., आशा एवं ए.एन.एम. आदि सम्मिलित थे। गत दिवस और आज मंगलवार को टीमों ने कुल 5013 घरों तक पहुँच बनायीं। जिसमें लगभग 24 हजार 786 लोगों को किट वितरण की गई। साथ ही आई.ई.सी. गतिविधि एवं परामर्श दिया। इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य प्रभावित क्षेत्र में आमजन को क्लोरीनेटेड पानी उपलब्ध करवाना ताकि वे रोगाणु मुक्त जल का उपयोग कर स्वास्थ्य लाभ कर सकें। इस सर्वे के दौरान राज्य सर्विलेंस दल भी उपस्थित था।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हासानी ने बताया कि वर्तमान में कुल 99 मरीज अस्पताल में भर्ती है, जिनका उपचार किया जा रहा है। वर्तमान में आईसीयू में 16 मरीज भर्ती है।

# कलेक्टर ने भागीरथपुरा क्षेत्र का भ्रमण कर लिया स्थिति का जायजा






@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा एवं नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने मंगलवार प्रातः भागीरथपुरा क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त, बीट प्रभारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।**

कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि रिंग सर्वे के तहत क्षेत्र में निरंतर कार्यवाई जारी है। प्रभावित क्षेत्रों से नियमित सैंपल कलेक्शन कर उनकी मॉनिटरिंग की जा रही है। नागरिकों को पानी उबालकर एवं छानकर पीने के लिए लगातार समझाइश दी जा रही है। साथ ही, क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से सतत स्वच्छ जल वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रभावित नागरिकों का समुचित उपचार निःशुल्क किया जा रहा है। इस कार्य में जिला प्रशासन, नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमें समन्वय के साथ लगातार सक्रिय हैं। निरीक्षण के दौरान पेयजल टैंकरों से हो रहे जल वितरण का अवलोकन किया गया तथा लाइन लीकेज सुधार कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। नगर निगम द्वारा गठित 32 बीटों के माध्यम से भागीरथपुरा क्षेत्र के प्रत्येक हिस्से में दूषित जल पर नियंत्रण, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति तथा व्यापक सफाई अभियान की नियमित समीक्षा की जा रही है। अधिकारियों को कार्यों में तेजी और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दें।

# श्री खजराना गणेश मंदिर में शुरू हुआ 6 दिवसीय तिल चतुर्थी मेला

## कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने पूजन-अर्चन के साथ किया मेले का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर।** इंदौर के प्रसिद्ध श्री खजराना गणेश मंदिर में 6 दिवसीय तिल चतुर्थी मेला प्रारंभ हुआ। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने श्री खजराना गणेश मंदिर में पूजन-अर्चना के साथ इस मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल सहित अन्य अधिकारी भी विशेष रूप से मौजूद थे। भगवान श्री गणेशजी को तिल-गुड़ के सवा लाख लड्डूओं का भोग लगाया गया। साथ ही श्रीगणेश का स्वर्ण मुकुट तथा आभूषणों से विशेष श्रृंगार किया गया है। मंदिर को आकर्षक फूलों से फूल बंगला के साथ सजाया गया है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने इस मौके पर ध्वजा पूजन करने के साथ ही 6 दिवसीय तिल चतुर्थी मेले की भी शुरुआत की। मंदिर के वरिष्ठ पुजारियों ने पूजा-अर्चना करवाई। इस अवसर पर भक्त मंडल के सदस्य तथा अन्य श्रद्धालु भी उपस्थित थे।



# मकर संक्रांति पर अभावग्रस्त गोशालाओं में भी गोग्रास सेवा का किया अग्राह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मकर संक्रांति पर गोमाता को गोग्रास अर्पण करना व गो सेवा अत्यंत ही पुण्यदाई माना जाता है। कामधेनु सेवा समिति के राजेंद्र असावा व बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने शहर के सभी गोभक्तो से अग्राह किया है कि मकर संक्रांति पर गोमाता को गोग्रास अर्पण करने एवं गो सेवा के लिए शहर व शहर के आसपास व निकट ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर गोशाला में भी गो सेवा कर गोशाला को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने में सहयोगी बने। इन गोशालाओं में गोग्रास की आवश्यकता होती है। अक्सर देखने में आता है कि मकर संक्रांति पर्व पर अधिकांश गोभक्त सुबह सुबह ही शहर की लोकप्रिय व आर्थिक रूप से सक्षम गोशाला में गोमाता को गोग्रास अर्पण करने बड़ी संख्या में पहुंचते है इससे एक



ही दिन मे गोमाता को उनके खाने की क्षमता से अधिक मात्रा में गोग्रास अर्पण कर दिया जाता है। अधिक मात्रा में गोग्रास गोमाता की पाचन शक्ति को हानी पहुंचाकर उसे अस्वस्थ भी कर सकती है और बचा हुआ गोग्रास भी कुछ समय पश्चात खराब हो जाता है। गो सेवा में खर्च की गई राशि भी अनुपयोगी, व्यर्थ हो जाती है और गोभक्त को उसका कोई पुण्य लाभ भी प्राप्त नहीं हो पाता है। संस्था द्वारा गोभक्तो को सुझाव है कि एक साथ एक ही दिन ढेर सारा गोग्रास देने के बजाय मकर संक्रांति पर गो सेवा राशि को संकल्पित करके प्रतिदिन लगातार रोज थोड़ा थोड़ा गोग्रास देवें साथ ही शहर के नजदीक अभावग्रस्त गोशाला में गोमाता को गोग्रास अर्पण को प्राथमिकता दें। इन गोशालाओं में अक्सर गोभक्त पहुंच नहीं पाते है। कामधेनु सेवा समिति द्वारा गोभक्तो के सहयोग से, जन सहयोग से विभिन्न गौशालाओं में मकर संक्रांति के पर्व पर दाल चूरी, गेहूं की चापड़ आदि भेंट की जा रही है ये गोग्रास सिर्फ एक दिन नहीं अपितु 15 दिन तक गोमाता के काम आयेगा।

● उमंग सिंघार की पुलिस से तीखी झड़प

## पीड़ितों से मिलने पहुंचे भागीरथपुरा पहुंचे कांग्रेस के 8 दिग्गज



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भागीरथपुरा जल त्रासदी को लेकर मंगलवार को इंदौर में भारी राजनीतिक गहमागहमी देखी गई। प्रशासन द्वारा धरना और प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद कांग्रेस नेताओं ने बस्ती में दाखिल होने की कोशिश की। लंबी जद्दोजहद और तनावपूर्ण स्थिति के बाद पुलिस ने कांग्रेस के केवल 8 वरिष्ठ नेताओं को ही भागीरथपुरा की प्रभावित बस्ती में जाने की अनुमति दी।

जब कांग्रेस नेताओं का काफिला भागीरथपुरा पहुंचा, तो भारी पुलिस बल ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी बहस हो गई। सिंघार ने प्रशासन की रोक पर कड़ा ऐतराज जताया और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। काफी देर तक चले हंगामे के बाद प्रशासन ने सीमित संख्या में नेताओं को अंदर जाने दिया, जहां उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। बस्ती में पहुंचने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार और स्थानीय प्रशासन पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी विफलताओं और 'पापों' को छुपाने के लिए कांग्रेस को जनता से मिलने से रोक रही है। पटवारी ने कहा कि 17 लोगों की जान चली गई और प्रशासन अब भी वास्तविक स्थिति बताने के बजाय प्रतिबंधों का सहारा ले रहा है। राजनीतिक मोर्चे पर कांग्रेस ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। प्रशासन ने क्षेत्र में किसी भी प्रकार के धरने या विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी है, लेकिन कांग्रेस ने इन प्रतिबंधों को चुनौती दी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि वे झुकेंगे नहीं। पार्टी ने शाम को शहर के हर वार्ड में रैली निकालने और प्रभावितों की याद में कैंडल मार्च निकालने की घोषणा की है।

भागीरथपुरा मामले पर हाईकोर्ट सख्त, कहा-

# साफ पानी जनता का हक, हादसे से शहर की छवि को पहुंचा नुकसान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने शहर में दूषित पानी से हो रही मौतों और बीमारी के फैलते प्रकोप पर मंगलवार को कड़ा रुख अपनाया है। चार से पांच जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए कोर्ट ने प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई और स्पष्ट किया कि स्वच्छ पेयजल जनता का मौलिक अधिकार है।**

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि इंदौर को देश के सबसे स्वच्छ शहर का गौरव हासिल है, लेकिन दूषित पेयजल की इस घटना ने पूरे भारत में शहर की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। कोर्ट ने चेतावनी दी कि इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए निम्नलिखित निर्देश जारी किए हैं:

**दोषियों पर कार्रवाई:** भविष्य में जरूरत पड़ने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सिविल और क्रिमिनल लायबिलिटी (दीवानी और आपराधिक जिम्मेदारी) तय की जाएगी।

**मुख्य सचिव की उपस्थिति:** मामले की अगली सुनवाई 15 जनवरी को होगी, जिसमें प्रदेश के मुख्य सचिव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उपस्थित रहने का आदेश दिया गया है।

**मुफ्त इलाज और रिपोर्ट:** कोर्ट ने सभी प्रभावित मरीजों को मुफ्त इलाज मुहैया कराने और अब तक हुई मौतों पर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पीड़ितों के मुआवजे की समीक्षा करने के भी संकेत दिए हैं।

### ● अब तक 17 मौतें, दहशत में शहर

शहर में दूषित पानी के कारण स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। ताजा आंकड़ों के अनुसार:

**कुल मौतें:** अब तक 17 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

**अस्पताल की स्थिति:** वर्तमान में 110 मरीज भर्ती हैं, जिनमें से 15 मरीज आईसीयू में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं।

**कुल प्रभावित:** अब तक कुल 421 मरीज अस्पतालों में भर्ती हो चुके हैं, जिनमें से 311 को डिस्चार्ज किया जा चुका है।

**नए मामले:** पिछले 24 घंटों में उल्टी-दस्त के 38 नए मामले सामने आए हैं, जिनमें से 6 गंभीर मरीजों को अरबिंदो अस्पताल रेफर किया गया है।

प्रशासन अब कोर्ट के आदेश के बाद हरकत में नजर आ रहा है, लेकिन मौतों का बढ़ता आंकड़ा शहर के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है।

# इंदौर एयरपोर्ट पर मेडिकल इमरजेंसी, बेहोश हुई महिला यात्री, डायरिया निकला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल पर लगातार दूसरे दिन मेडिकल इमरजेंसी घोषित की गई। इंदौर से दिल्ली जा रही एक महिला यात्री एयरपोर्ट पर अचानक बेहोश हो गई, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।**



विमानतल से मिली जानकारी के अनुसार इंडिगो एयरलाइंस की दोपहर 1.30 बजे इंदौर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट 6ई-6609 से यात्रा करने के लिए 66 वर्षीय महिला यात्री परवीन सिंगला पति विनोद सिंह एयरपोर्ट पहुंची थीं। वे चेक-इन प्रक्रिया पूरी कर सिक्योरिटी होल्ड एरिया में पहुंच चुकी थीं। बोर्डिंग से कुछ समय पहले ही सिक्योरिटी होल्ड एरिया में महिला यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश होकर गिर पड़ीं। घटना की सूचना मिलते ही एयरपोर्ट पर मेडिकल इमरजेंसी घोषित की गई। एयरपोर्ट के मेडिकल इमरजेंसी रूम से पहुंचे डॉक्टर ने महिला यात्री की जांच की। जांच में उनकी ब्लड शुगर कम पाई गई। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें एयरपोर्ट की एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल भेजा गया।

अस्पताल में इलाज कर रहे डॉक्टरों के अनुसार महिला यात्री पंजाब के बरनाला की रहने वाली हैं और दिल्ली के रास्ते पंजाब जा रही थीं। उपचार के बाद वे होश में आ गई हैं, लेकिन फिलहाल उन्हें अस्पताल में भर्ती रखा गया है। डॉक्टरों ने बताया कि उनका डायरिया का इलाज भी जारी है और उनकी हालत में पहले से सुधार है।

# सराफा में दुकानदार ने नाबालिग से छेड़छाड़ की, गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सराफा मार्केट में सोमवार देर शाम एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। पीड़िता अपनी दो मौसी के साथ खरीदारी के लिए बाजार पहुंची थी। इसी दौरान जब वह संगम चाट हाउस के पास नाश्ता कर रही थी, तभी पास में सड़क किनारे कॉस्मेटिक्स की दुकान लगाने वाले एक युवक ने उसके साथ अश्लील हरकत की। पीड़िता की मौसी ने यह हरकत देख ली और तुरंत विरोध किया। इसके बाद मौके पर पीड़िता के परिजनों और आरोपी दुकानदार के बीच कहासुनी हो गई। घटना के बाद पीड़िता अपने परिजनों के साथ सराफा थाने पहुंची और रात में शिकायत दर्ज कराई। सराफा पुलिस ने आजाद नगर निवासी पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।

# थकान और तनाव मुक्त रहने के लिए नव आरक्षक सीख रहे ऐरोबिक्स थैरेपी

**इंदौर।** पिछले दो दिनों से महेश गार्ड लाइन स्थित पन्द्रह बटालियन में ऐरोबिक्स थैरेपी के प्रणेता जितेन्द्र मेश्राम की टीम 150 नव आरक्षकों को मनोरंजक और ऊर्जा से भरने वाली थैरेपी का प्रशिक्षण दे रही हैं। जोशीले नव आरक्षक भी शिद्दत से इस विधा को आत्मसात करते नजर आ रहे हैं। संगीत की धुनों पर होने वालीं इस थैरेपी से न केवल शरीर स्वस्थ होता है बल्कि मानसिक तनाव भी दूर होता है। पुलिस बल को लगातार कार्य करना होता है ऐसे में उनका तनाव मुक्त होना भी अधिक जरूरी है। ऐरोबिक्स थैरेपी प्रशिक्षण शिविर आईजी चंद्रशेखर सोलंकी, सीईओ अभिषेक आनंद, डीसी विशाल सिंह, एसी मुनेद्रु गोयल और सीडीआई आशीष मिश्रा के निर्देशन में ऐरोबिक्स क्लब मेघदूत की टीम द्वारा आयोजित हो रहा है जिसमें 150 अधिक नव आरक्षक प्रशिक्षण का हिस्सा है। टीम में नंदना मनीष पाल, पूजा सेनिया, छाया रसाल, माया मेश्राम, राजिंदर सिंह भाटिया, सुनील यादव, सुभाष पानतावने अंजलि बर्मन, आकांक्षा सिंह, सविता उज्ज्वल शेंडे, ओम प्रकाश पाल, पंडरी नायक,विजय गार्गव, गुलाब सूर्यवंशी, मनीष शर्मा, अमित सिंह आदि ने प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर मेजर लोकेंद्र सिंह सिसौदिया की उपस्थिति में पुलिस स्टॉफ भी ऐरोबिक्स थैरेपी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है।





सीएम डॉ. मोहन यादव के निर्देश

# नगरीय विकास परियोजनाओं का क्रियान्वयन विकसित भारत @2047 के लक्ष्य के अनुरूप करें



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के संचालक मंडल की 11वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में नगरीय विकास परियोजनाओं को विकसित भारत @2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने कहा नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति को सुधारने, नगरीय क्षेत्रों में निजी निवेश को बढ़ाने, नागरिक सेवा में सूचना प्रौद्योगिकी आधारित प्रणालियों के अधिकाधिक उपयोग, अर्बन मोबिलिटी तथा ई-वाहन के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए।**

मुख्यमंत्री ने कहा 'नमामि गंगा अभियान' के समान ही 'नमामि नर्मदे परियोजना' पर कार्य आरंभ कर नर्मदा नदी तट की नगरीय बसाहटों के ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरणीय सुधार और उपचारित जल के पुनः उपयोग के लिए कार्य योजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी नगरीय निकायों में जलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्थाओं के प्रति विशेष रूप से सजगता और सतर्कता बरती जाए। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव अनुराग जैन तथा संचालक मंडल के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कंपनी के प्रबंधकीय, वित्तीय और लेखा परीक्षा तथा अंकेक्षण संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री डॉ यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेश में शहरी विकास के लिए मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी में 4 स्वतंत्र व्यावसायिक प्रभागों के गठन के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई। इसमें परिसंपत्ति प्रबंधन और पीपीपी मोड, सूचना प्रौद्योगिकी, शहरी गतिशीलता और नमामि नर्मदे तथा हरित एवं नदी संरक्षण के लिए प्रभागों का गठन प्रस्तावित है। परिसंपत्ति प्रबंधन और पीपीपी प्रभाग के अंतर्गत नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाने, जन हित कार्यों में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, वित्तीय अनुशासन, नीति आयोग तथा अन्य संबद्ध विभागों से समन्वय तथा मेट्रोपोलिटन एरिया डेवलपमेंट प्लानिंग को प्राथमिकता से लिया जाएगा। इसमें सोलर प्रोजेक्ट्स, हरित बांड, अप्रयुक्त परिसंपत्तियों के वैकल्पिक उपयोग जैसे नवाचार भी प्रस्तावित हैं। सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग के अंतर्गत ई-नगर पालिका प्रणाली, सीसीटीवी-जीआईएस आधारित निगरानी व्यवस्था, नागरिक सेवा प्लेटफार्म के उन्नयन, टोल संग्रह ई-पोर्टल एवं ऑनलाइन राजस्व संग्रहण जैसी स्मार्ट सिटी प्रणालियां संचालित की जाएंगी।

### 'नमामि गंगे' के समान 'नमामि नर्मदे परियोजना' का करें क्रियान्वयन

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नगरीय निकायों के आस-पास के क्षेत्रों के नियोजित विकास के लिए योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नर्मदा और तापी नदी के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए नदियों के समग्र और सर्वांगीण विकास के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 'नमामि गंगे' के समान 'नमामि नर्मदे परियोजना' का क्रियान्वयन सभी संबंधित विभाग समन्वित रूप से करें। इसमें नगरीय विकास एवं आवास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग, उद्योग विभाग, वन एवं पर्यावरण विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में बताया गया कि शहरी गतिशीलता प्रभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश ईवी पॉलिसी क्रियान्वयन, मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट हब, रोपवे, मल्टी लेवल पार्किंग, सार्वजनिक साइकिल सेवा, सिटी मोबिलिटी प्लान तथा ई-वाहन चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जाएगा।

# तेलंगाना से महाकाल दर्शन आ रहे श्रद्धालुओं का हुआ एक्सीडेंट, तीन की मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन में मंगलवार सुबह तेलंगाना से महाकाल मंदिर दर्शन के लिए आ रहे भक्तों की टेंपो पाइप से भरे ट्राले से टकरा गई। इस हादसे मे 2 लोगो की मौके पर ओर 1 कि इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे की वजह घना कोहरा बताया गया है। कोहरे की वजह से विजिबिलिटी कम होने के कारण टेम्पो ट्रैक्स का ड्राइवर सड़क पर खड़े ट्राले को देख नहीं पाया ओर ट्रैक्स ट्राले से जा भीड़ी।**

शुरूआती जानकारी के अनुसार गाड़ी में कुल 13 लोग सवार थे, जो तेलंगाना से उज्जैन और फिर वहां से अयोध्या दर्शन के लिए निकले थे। ये एक्सीडेंट नागझिरी थाना क्षेत्र के चंदेश्वरी गांव के पास हुआ है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। इस भीषण भिड़ंत में ड्राइवर और उसके बगल में बैठे एक यात्री सहित 3 लोगो की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में पांच लोग घायल भी हुए हैं।हादसे में घायल सभी लोगों को तुरंत चरक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने नरसिम्हा पिता बालचंद्रणा (20 वर्ष) और जगन्नाथ पिता बेंकेंटेस (26 वर्ष), निवासी कर्नाटक डोंगरामपुर, को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल शिवा कुमार पिता एलप्पा (25 वर्ष), निवासी फरीदपुर, को इंदौर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। इस हादसे में टेंपो ट्रैक्स में सवार के.बी. नरसिम्हा, रामप्पा, मलेन पिता नरसप्पा, अरतिद पिता लक्ष्मण (11 वर्ष), वाहन चालक बाल मंद्रप्पा, चिन्ना कुंधाकुंटा, जिया कुमार पिता एलव्या और काशष्या पिता चित्रा रामुनु घायल हो गए। सभी को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामूली रूप से घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। एडिशनल एसपी गुरु प्रसाद पराशर ने बताया कि सभी युवक धार्मिक यात्रा पर थे। दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। पुलिस ने ट्राला जब्त कर उसके चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# आदेश में किया था गलत आंकड़े का जिक्र, देवास के एसडीएम सस्पेंड






@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास, एजेंसी**। इंदौर की पेयजल त्रासदी से जुड़े एक सरकारी आदेश में लापरवाही बरतने पर देवास के एसडीएम को निलंबित कर दिया गया है। एसडीएम ने कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के लिए ड्यूटी लगाने का आदेश जारी किया था। इसमें देवास एसडीएम ने कांग्रेस के आरोपों को कॉपी किया था और गलत आंकड़े का उल्लेख भी था। अधिकारियों ने बताया कि उज्जैन संभाग के आयुक्त (राजस्व) आशीष सिंह ने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही पर देवास के एसडीएम आनंद मालवीय को निलंबित कर दिया है। उज्जैन संभाग आयुक्त आशीष सिंह की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि धरना प्रदर्शन की सूचना प्राप्त होने के आधार पर आनंद मालवीय अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय देवास की ओर से 3 जनवरी को आदेश कमांक-44-रीडर 1-2026 जारी किया गया था। उक्त आदेश को बिना परीक्षण किए, अत्यत संवेदनशील एवं गभीर मुददे पर गलत आकडों के साथ जारी किया गया। यह कर्तव्यों के निवर्हन में गंभीर लापरवाही, उदासीनता और अनियमितता को दिखाता है। यह कृत्य मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रावधानों के तहत कदाचरण की श्रेणी में आता है। अत मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के प्रावधान के तहत अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग देवास आनंद मालवीय को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

# अतिथि शिक्षकों का डेढ़ गुना तक बढ़ जाएगा वेतन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। प्रदेश सरकार विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में अस्थायी तौर पर अध्यापन कर रहे अतिथि विद्वानों के लिए हरियाणा मॉडल लागू करने की तैयारी में है। उच्च शिक्षा विभाग ने सात सदस्यों की समिति गठित की है, जो हरियाणा मॉडल का अध्ययन कर रिपोर्ट पेश करेगी। बताया जा रहा है कि हरियाणा मॉडल लागू होने से प्रदेश में अतिथि विद्वानों का वेतन डेढ़ गुना तक बढ़ जाएगा, वहीं सेवानिवृत्ति की आयु तक उनकी सेवाएं बनी रहेंगी। उच्च शिक्षा में प्राध्यापकों की नियमित भर्ती कम होने से शिक्षकों की कमी हो गई थी। शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के लिए जन भागीदारी समितियों के जरिये तदर्थ प्राध्यापकों की भर्ती 1990 के दशक में शुरू हुई थी। वर्ष 2000 के बाद इसमें तेजी आई। मध्य प्रदेश में ऐसे अतिथि विद्वानों को 2000 रुपया प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय दिया जाता है। अवकाश के दिनों का मानदेय नहीं बनने से अतिथि विद्वानों को अधिकतर 40 हजार 44 हजार रुपया प्रतिमाह ही मिल पाता है। उन्हें 13 आकस्मिक अवकाश और तीन ऐच्छिक अवकाश की पात्रता है। अगर रिक्त स्थान पर नियमित भर्ती का प्राध्यापक आ गया तो अतिथि विद्वानों को बिना किसी विकल्प के बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है।

# ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यमन सिंधिया कार हादसे के दौरान घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी**। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे और मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया रोड शो के दौरान घायल हो गए। हादसा उस वक्त जब महाआर्यमन सिंधिया रोड शो कर रहे थे इस दौरान कार चालक अचानक ब्रेक लगने से उनका सीना सनरूफ से टकरा गया। हालांकि हादसे के बाद महाआर्यमन सिंधिया ने अपना रोड शो जारी रखा, लेकिन बाद में सीने में दर्द बढ़ने पर उन्हें जिला अस्पताल शिवपुरी ले जाया गया, जहां उनके कई तरह के चेकअप किए गए। वहीं सभी रिपोर्ट सामान्य होने पर उनको डिस्चार्ज कर दिया गया। गुना-शिवपुरी से सांसद और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यमन सिंधिया इन दिनों अपने पिता के लोकसभा क्षेत्र के दो दिवसीय पर है। सोमवार को महाआर्यमन कोलारस विधानसभा में आयोजित युवा सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे। इसके बाद वे कॉलेज ग्राउंड में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता देखने गए। इसी दौरान महाआर्यमन कार



के सनरूफ पर खड़े होकर लोगों का अभिवादन कर रहे थे, तभी अचानक कार चालक लवलेश जैन उर्फ 'चीनू' ने ब्रेक लगा दिए, जिससे महाआर्यमन का सीना सनरूफ से टकरा गया और उनको हल्की चोटें आई। हालांकि हादसे के बाद महाआर्यमन ने अपना रोड शो जारी रखा और इसके बाद दूसरे कार्यक्रम में भी पहुंचे गए। वहीं बाद में तकलीप बढ़ने पर महाआर्यमन शिवपुरी के जिला हॉस्पिटल पहुंचे, जहां उनकी कई तरह की जांच की गई। इसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह के साथ अस्पाल से डिस्चार्ज कर दिया।

## संपादकीय

# कांग्रेस का बड़ा दांव: मनरेगा के बहाने जमीन तलाशने की जंग

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम ( मनरेगा ) के स्वरूप में बदलाव कर इसे नए नाम VB-G RAM G (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण) के तहत आगे बढ़ाने की कोशिश ने सियासी बहस को तेज कर दिया है। कांग्रेस ने इसे मनरेगा की आत्मा पर हमला बताते हुए इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। यह आंदोलन ग्रामीण भारत में राजनीतिक पकड़ दोबारा मजबूत करने की कांग्रेसी रणनीति का अहम हिस्सा है। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार मनरेगा का नाम और ढांचा बदलकर उसकी कानूनी गारंटी को कमजोर करना चाहती है। पार्टी का कहना है कि मनरेगा सिर्फ एक रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों, खासतौर पर अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्गों के लिए जीवन रेखा रही है। VB-G RAM G जैसे नए ढांचे में रोजगार की कानूनी गारंटी, मजदूरी भुगतान की समयबद्धता और जरूरतों के अनुरूप काम देने की प्रतिबद्धता खत्म होने का खतरा है। इसे राजनीतिक रूप से भुनाने के लिए कांग्रेस ने पंचायत से संसद तक डेढ़ महीने का व्यापक कार्यक्रम तैयार किया है। इसके तहत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पत्र व्यक्तिगत रूप से ग्राम प्रधानों, पूर्व ग्राम प्रधानों, रोजगार सेवकों और मनरेगा मजदूरों तक पहुंचाए जाएंगे। हाल के वर्षों में कांग्रेस ने वोट चोरी, SIR जैसे मुद्दों पर देशव्यापी अभियान चलाने की कोशिश की। लेकिन बिहार विधानसभा चुनावों में हार के बाद पार्टी के भीतर भावना बनी कि ऐसे मुद्दों का जमीनी असर सीमित रहा। इसलिए उसे एक ऐसे विषय की तलाश थी, जो सीधे जनता की रोजी-रोटी से जुड़ा हो। मनरेगा इस कसौटी पर खरा उतरता है। माना जाता है कि 2009 में केंद्र की सत्ता में उसकी वापसी के पीछे मनरेगा की निर्णायक भूमिका थी। अब पार्टी उसी सामाजिक आधार को सक्रिय करना चाहती है। खास तौर पर उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में जहां कांग्रेस लंबे समय से कमजोर रही है, मनरेगा के जरिए नए सिरे से राजनीतिक जमीन तैयार करने की उम्मीद की जा रही है। कांग्रेस सरकार पर दबाव बनाना चाहती है कि वह योजना की मूल भावना से छेड़छाड़ न करे। पार्टी नेताओं का कहना है कि अगर इस मुद्दे पर विभिन्न वर्गों को एकजुट किया गया तो यह आंदोलन बड़ा रूप ले सकता है। सवाल है कि क्या यह रणनीति उतनी कारगर साबित होगी जितनी कांग्रेस उम्मीद कर रही है। आज के राजनीतिक हालात 2009 से काफी अलग हैं। केंद्र सरकार विकसित भारत के नैरेटिव के साथ योजनाओं को नए नाम और ढांचे में पेश कर रही है जिसे एक बड़ा वर्ग सकारात्मक रूप में भी देखता है। ऐसे में कांग्रेस को यह साबित करना होगा कि VB-G RAM G वास्तव में मनरेगा को कमजोर करता है न कि उसे और प्रभावी बनाता है।

## ज्ञान-विज्ञान

# दुनियाभर की महिलाओं में इस देश से स्पर्म खरीदने के लिए होड़

### 'वाइकिंग बेबी' की चाहत से पैदा हुआ बड़ा खतरा



दुनिया के सबसे खुशहाल और खूबसूरत देशों में शुमार डेनमार्क हालिया समय में एक अलग वजह से चर्चा में है। डेनमार्क ऐसा देश है, जहां हर 100 बच्चों में से एक बच्चा स्पर्म डोनेशन से पैदा होता है। दुनिया को स्पर्म निर्यात करने में भी 60 लाख की आबादी वाला यह स्कैंडिनेवियाई देश पावरहाउस माना जाता है। हालांकि इस इंडस्ट्री पर हालिया समय में कई सवाल उठे हैं। इस इंडस्ट्री के सियाह पहलू भी सामने आ रहे हैं। डेनमार्क कई देशों में स्पर्म स्पर्म सप्लाई करता है। दुनियाभर की महिलाओं को डेनमार्क के गोरे, नीली आंखों वाले डोनर की तलाश रहती है। इसका फायदा उठाते हुए डेनमार्क की स्पर्म इंडस्ट्री दुनिया को 'वाइकिंग स्पर्म' निर्यात करती है, जिससे खूबसूरत स्वस्थ बच्चे (वाइकिंग बेबी) पैदा हो सकें। इस इंडस्ट्री के सियाह पहलू का खुलासा तब हुआ, जब एक ऐसा डोनर 197 बच्चों का पिता बन गया, जिसमें कैंसर का म्यूटेशन था।

### रिपोर्ट में कैंसर का खुलासा

वायनेट के मुताबिक, एक हालिया जांच रिपोर्ट ने डेनमार्क की स्पर्म इंडस्ट्री के काले सच को उजागर किया है। रिपोर्ट बताती है ति एक डोनर ने 14 देशों की 67 क्लीनिकों के जरिए कम से कम 197 बच्चों को जन्म दिया। इन सभी बच्चों में एक जेनेटिक म्यूटेशनहै, जो एक जानलेवा कैंसर से जुड़ा है। इनमें से कुछ बच्चों की मौत भी हो चुकी है। इस स्पर्म डोनर व्यक्ति ने 2005 में डोनेशन शुरू किया था और 17 साल तक जारी रखा। इससे जिन बच्चों को यह म्यूटेशन मिला है, उन्हें कैंसर का खतरा है और उनकी लगातार मेडिकल निगरानी की जरूरत है। यह मामला तेजी से बढ़ते इस उद्योग पर बड़े सवाल खड़े करता है। खासतौर से स्पर्म डोनेशन को कैसे रेगुलेट किया जाता है, इस पर सवाल है।

### यूरोप और डेनमार्क

यूरोप के स्पर्म डोनेशन बाजार को करीब 1.3 अरब यूरो का है, जिसके 2033 तक 2.3 अरब यूरो का हो जाने की उम्मीद है। वहीं डेनमार्क दुनिया का सबसे बड़ा स्पर्म एक्सपोर्टर है। डेनमार्क स्थित क्रायोस इंटरनेशनल दुनिया का सबसे बड़ा स्पर्म बैंक है। यहां से 100 से ज्यादा देशों में स्पर्म एक्सपोर्ट होता है। स्पर्म की एक छोटी सी शीशी ( आधा मिलीलीटर ) की कीमत 100 से 1,000 यूरो तक होती है। नीदरलैंड और बेल्जियम जैसे देशों में स्पर्म डोनेशन से पैदा होने वाले 60% बच्चों के जैविक पिता डेनिश होते हैं। डेनमार्क के स्पर्म बैंक आमतौर पर महिलाओं को डोनर की प्रोफाइल देते हैं। इसमें उनकी तस्वीरें और पृष्ठभूमि शामिल होती है। ऐसे में गोरे और नीली आंखों वाले जेनेटिक्स का वादा दुनिया में एक बड़ा आकर्षण है।

### निगरानी की मांग

कैंसर का मामला सामने आने के बाद यूरोपीय संघ के अधिकारी स्पर्म एक्सपोर्ट की निगरानी के लिए अंतर्राष्ट्रीय रजिस्ट्री की मांग कर रहे हैं। दूसरी ओर डेनिश स्पर्म इंडस्ट्री के सामने चुनौती बढ़ी है। खासतौर से वाइकिंग स्पर्म की मांग को पूरा करने की हड़बड़ी में नियामक खामियां सामने आ रही हैं। इसने दुनिया का ध्यान खींचा है, खासतौर से यूरोप की नजर इस ओर लगी है।

New Delhi

# छावनी बना दिल्ली का तुर्कमान गेट: मस्जिद के पास बुलडोजर एक्शन, भीड़ ने किया पुलिस पर पथराव; आंसू गैस का प्रयोग

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश की राजधानी दिल्ली के तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण पर एमसीडी की बुलडोजर कार्रवाई की। MCD ने दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देशों पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। देर रात हुई कार्रवाई का स्थानीय लोगों ने विरोध किया। देखते ही देखते भीड़ आक्रोशित हो गई। भीड़ ने पुलिस और कार्रवाई कर रही टीम पर पथराव कर दिया। पथराव के बाद इलाके में तनाव का माहौल हो गया। हालांकि पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के कार्रवाई के दौरान कुछ उपद्रवियों ने पत्थराव



कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर हालात काबू किए। पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े। फिलहाल स्थिति सामान्य है।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली के रामलीला मैदान इलाके में सैयद फैज इलाही मस्जिद और पास के कब्रिस्तान से सटी जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हिंसक रूप ले ली। दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देशों के बाद दिल्ली नगर निगम (MCD) के अधिकारी जब तोड़फोड़ करने पहुंचे, तो स्थानीय लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर पत्थरबाजी की, जिसमें कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।

New Delhi

## कानून को चुनौती देने आ जाते हैं अमीर, आम लोगों जैसे ट्रायल झेलो

सुप्रीम कोर्ट की दो टूक



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अमीर कानून को चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से मजबूत लोग केस दर्ज होने के बाद उस कानून को चुनौती देने के लिए अदालत का रुख करते हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत ने इस बढ़ते 'ट्रेंड' पर चिंता भी जाहिर की है।

शीर्ष न्यायालय में सीजेआई कांत और जस्टिस जॉयमाला की बेंच सुनवाई कर रही थी। दिल्ली के वकील गौतम खेतान की तरफ से याचिका दाखिल की गई थी, जिनके खिलाफ अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर डील मामले में केस दर्ज हुआ है। उनकी तरफ से सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा कोर्ट पहुंचे थे।

खैतान ने PMLA यानी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के कुछ प्रावधानों की वैधता को चुनौती दी है। इसपर सीजेआई ने कहा, 'यह बहुत ही दुर्लभ ट्रेंड चल रहा है कि जब ट्रायल चल रहा हो तब... अमीर और प्रभावशाली कानून को चुनौती देने के लिए कोर्ट आते हैं। किसी भी अन्य नागरिक की तरह ट्रायल का सामना कीजिए।'

कोर्ट ने याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। साथ ही कहा कि कानूनी प्रावधानों को पहले दी गई चुनौतियां अभी लंबित हैं।

खास बात है कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने भी अगस्त 2025 में इसी तरह की याचिका दी थी।

Maharashtra

## कांग्रेस के सीनियर नेता हिदायतुल्लाह का मस्जिद में कत्ल, हमलावर ने चाकू से गोदा

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र कांग्रेस के उपाध्यक्ष हिदायतुल्लाह पटेल का कत्ल हो गया है। अकोला जिले की एक मस्जिद में उन्हें चाकू घोंप दिया गया था, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया। उन्हें बचाया नहीं जा सका। हमला करने के आरोपी को अरेस्ट कर लिया गया है। हमलावर ने 66 साल के हिदायतुल्लाह पर पुरानी रंजिश के चलते मंगलवार को दोपहर 1:30 बजे हमला किया था। अकोला जिले के अकोट तालुका के एक गांव मोहाला में स्थित मस्जिद में वह नमाज पढ़ने गए थे। जैसे ही वह नमाज पढ़कर बाहर निकलने वाले थे कि उन पर चाकू से हमला कर दिया गया। इसमें वह गंभीर रूप से घायल थे और अंत में उनकी मौत हो गई। अकोला लोकसभा क्षेत्र से हिदायतुल्लाह ने 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर इलेक्शन भी लड़ा था।



Bihar

## थूकने वालों पर होगी कार्रवाई घोषित किए जाएंगे 'नगरशत्रु'



**पटना, (एजेंसी)** अब बिहार की राजधानी में थूकने वालों पर होगी कार्रवाई, घोषित किए जाएंगे 'नगरशत्रु'...बिहार की राजधानी में अब थूकने वालों पर पटना नगर निगम कार्रवाई करेगी। पटना नगर निगम ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की ओर एक सख्त निर्णय लिया है। नगर निगम पान, गुटखा और अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन कर सार्वजनिक जगहों पर थूकने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने बताया कि अब शहर में खुले में थूकते हुए लोगों पर कार्रवाई की जाएगी और उनसे 500 रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा। साथ ही उनकी फोटो स्क्रीन पर दिखाया जाएगा और इन लोगों को 'नगरशत्रु' के नाम से जाना जाएगा।

खेल

# यूपी, दिल्ली और कर्नाटक ने पक्की की क्वार्टर फाइनल की सीट, वापसी पर चमके श्रेयस

**नई दिल्ली। विजय हजारे ट्रॉफी के लीग चरण में मुकाबले अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुके हैं। अलग-अलग ग्रुप्स में खेले गए मैचों में कई टीमों ने क्वार्टरफाइनल की दौड़ में खुद को मजबूती से स्थापित किया, जबकि कुछ टीमों की राह मुश्किल होती चली गई। शानदार शतक, दोहरे शतक, घातक गेंदबाजी और बड़े अंतर से मिली जीतों ने टूर्नामेंट को रोमांचक बना दिया है। उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और दिल्ली ने क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की कर ली, वहीं कई ग्रुप्स में नेट रन रेट के आधार पर मुकाबला अब भी खुला हुआ है।**

अभिषेक गोस्वामी के शानदार शतक की बदौलत उत्तर प्रदेश ने विदर्भ को 54 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी ने 339/5 का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसमें प्रियम गर्ग, ध्रुव जुरेल और रिंकू सिंह ने अर्धशतक जमाए। जवाब में अमन मोखाडे के 147 रन के बावजूद विदर्भ 285/9 तक ही पहुंच सका। यूपी 20 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि विदर्भ, बंगाल और बड़ौदा 16-16 अंकों के साथ तीन-तरफा टाई में हैं।



हैदराबाद के यूएस-निवासी बल्लेबाज अमन राव ने बंगाल के खिलाफ तूफानी दोहरा शतक जड़ते हुए टीम को 107 रन की बड़ी जीत दिलाई। अमन राव ने सिर्फ 109 गेंदों में नाबाद 200 रन बनाए और हैदराबाद को 352/5 तक पहुँचाया। जवाब में मोहम्मद सिराज की घातक गेंदबाजी (4/58) के सामने बंगाल 245 रन पर सिमट गया। इस हार से बंगाल की क्वार्टरफाइनल की राह मुश्किल हो गई।

विष्णु सोलंकी और प्रियांशु मोलिया के शतकों की मदद से बड़ौदा ने जम्मू-कश्मीर को 76 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बड़ौदा ने 332 रन बनाए और फिर जम्मू-कश्मीर को 256 पर रोक दिया। इस जीत के साथ बड़ौदा भी 16 अंकों के साथ विदर्भ और बंगाल के बराबर पहुंच गया।

मनन वोहरा और अर्जुन आजाद के शतकों की बदौलत चंडीगढ़ ने असम को सात विकेट से हराया। असम ने 284/7 का स्कोर बनाया, लेकिन चंडीगढ़ ने 244 रन की ओपनिंग साझेदारी के दम पर लक्ष्य को 47.2 ओवर में हासिल कर लिया।

मयंक अग्रवाल और देवदत्त पडिक्कल की विशाल ओपनिंग साझेदारी के दम पर कर्नाटक ने राजस्थान को 150 रन से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। मयंक ने शतक जमाया जबकि पडिक्कल 91 रन बनाकर चूक गए। गेंदबाजी में प्रसिद्ध कृष्णा के 5/36 ने राजस्थान को 174 रन पर ढेर कर दिया। कर्नाटक 24 अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है।

सिनेमा

## रुबीना दिलैक ने कड़ाके की सर्दी में बढ़ाया इंटरनेट का पारा, बिकिनी पहन पानी में लगाई आग



एक बार फिर से रुबीना की तस्वीरों ने इंस्टरनेट का पारा हाई कर दिया है। रुबीना ने अपनी जापान ट्रिप की तस्वीरें शेयर की हैं। बिग बॉस विनर और टीवी की जानी मानी एक्ट्रेस रुबीना दिलैक आज छोटे पर्दे की हाई पेड एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। रुबीना प्रोफेशनल लाइफ के साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरती हैं। रुबीना अपने काम के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। रुबीना अक्सर अपने फोटोशूट की तस्वीरें और वीडियो फैंस के साथ शेयर करती हैं, जिसे उनके चाहने वाले काफी पसंद करते हैं। ऐसे में अब एक बार फिर से रुबीना की तस्वीरों ने इंस्टरनेट का पारा हाई कर दिया है। रुबीना ने अपनी जापान ट्रिप की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह बेहद ग्लैमरस और सिजलिंग लुक में नजर आ रही हैं। रुबीना दिलैक इस ट्रिप पर अपने पति अभिनव शुक्ला और कुछ करीबी दोस्तों के साथ गई थीं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि रुबीना पिंक स्विमसूट में नजर आ रही हैं। वो पानी के साथ-साथ पहाड़ों का भी मजा लेती दिख रही हैं।

## Highlights

1. India speeds up 4 Chenab hydropower projects, mounts pressure on Pak's water flow
2. CBSE launches free counselling for class 10, 12 students
3. Tattoo removal after medical exam to join force not allowed: HC
4. Intense cold wave conditions predicted in parts of India for next few days
5. AAP MLAs wore ₹2 lakh masks during anti-pollution protest, claims BJP; AAP denies

# Infosys taps AWS for AI push as Indian IT firms pivot for Agentic AI era

**NEW DELHI, (Agency).** Infosys Ltd. has expanded its strategic collaboration with Amazon Web Services (AWS), integrating its Topaz suite with Amazon's Q Developer to accelerate generative AI adoption for enterprise clients. The move marks the latest salvo in an escalating AI arms race among India's $250 billion IT services sector as it seeks to counter slowing legacy growth with high-margin AI contracts.

Under the agreement, Infosys will combine its Topaz "AI-first" services with AWS's generative AI assistant to automate complex workflows in software development, human resources, and vendor management. The Bengaluru-based company aims to move beyond simple code generation, using the partnership to deliver "agentic" capabilities—systems that can independently execute multi-step tasks—for clients in manufacturing, telecom, and financial services.




"This is about amplifying human potential to drive innovation and deliver impact at an unprecedented scale," said Balakrishna D.R., Infosys's head of AI and Industry Verticals.

The 'Agentic' AI Pivot

The Infosys-AWS pact highlights a broader industry shift in 2026: the transition from experimental AI "pilots" to full-scale "agentic" deployments. Indian IT majors are aggressively maneuvering to capture this spending.

Tata Consultancy Services Ltd. (TCS), the sector's bellwether, recently launched a dedicated "Agentic AI" suite, partnering with hyperscalers including Google and AWS to deploy autonomous agents for functions like IT and sales. In December 2025, TCS deepened its AI moat by partnering with Workday to integrate AI into human capital management.

Wipro Ltd. has taken a research-led approach, signing a pact with the Indian Institute of Science (IISc) in late 2025 to co-develop agentic and quantum AI technologies. Meanwhile, mid-cap challenger Coforge Ltd. made a definitive play for scale in December, acquiring AI-native engineering firm Encora for $2.35 billion to bolster its data and cloud capabilities.

# Titan shares hit an all-time high after Q3 update shows 40% revenue growth

**NEW DELHI, (Agency).** Shares of Titan Co. Ltd. rose to an all-time high after the Tanishq owner guided for 40% revenue growth in October-December 2025, on the back of a surge in gold prices and sales during the festive quarter.

On Wednesday (7 January 2026), Titan's share price rose as much as 4.52% to an intraday high of ₹4,300.00 on the BSE, even as the benchmark Sensex was down up to 0.20%. The stock was reacting to Titan's Q3 update.

Standalone revenue of the Tata Group company is expected to have risen 40% year-on-year on as the jewellery business, which contributes 85% of revenue, "clocked a robust 41% YoY growth in Q3FY26", according to an exchange filing on Tuesday. "Revenue growth was driven by substantial average selling price increases, offsetting flattish buyer growth," the company stated.



According to JM Financial Ltd., Titan's revenue growth in Q3 FY26 was largely driven by an increase in average selling price that offset flattish buyer growth.

"To navigate the elevated gold price environment, Tanishq deployed a gold exchange offer that sustained consumer engagement beyond the traditional festive window," JM Financial analysts led by Gaurav Jogani said in a note.

# बुजुर्गों को निशाना बनाने वाले ठगों पर एक और एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजयनगर थाना क्षेत्र में बुजुर्गों को एटीएम पर निशाना बनाकर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस ने एक और एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों ने परदेशीपुरा के बाद विजयनगर इलाके में भी रैकी कर इसी तरह की धोखाधड़ी की थी। शिकायत मिलने के बाद विजयनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।**

आरोपी पहले से पुलिस की गिरफ्त में हैं। जिनसे अब दूसरी वारदात के बारे में पूछताछ की जाएगी। बता दें कि दोनों वारदातें एक ही दिन (2 जनवरी) हुई हैं। पहली वारदात की एफआईआर पहले हो चुकी थी, जिस पर आरोपियों को पकड़ लिया गया था, जबकि दूसरी वारदात की एफआईआर सोमवार को हुई है। विजयनगर पुलिस ने 86 वर्षीय बुजुर्ग जगदीश पाल निवासी स्कीम नंबर 54 की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जगदीश पाल 2 जनवरी को भमोरी स्थित स्टेट बैंक के एटीएम पर अपना बैलेंस चेक करने पहुंचे थे। इसी दौरान दो युवक वहां आए और मदद का झांसा दिया। आरोप है कि आरोपियों ने पिन नंबर देख लिया और चालाकी से उनका एटीएम कार्ड बदल लिया। इसके बाद आरोपियों में से एक ने यह कहकर उन्हें गुमराह कर दिया कि एटीएम से पैसे नहीं निकल रहे हैं, जिस पर जगदीश पाल घर लौट गए। कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर लगातार मैसेज आने लगे। जब उन्होंने अपने नाती को इसकी जानकारी दी तो पता चला कि खाते से चार बार में कुल 40 हजार रुपए निकाल लिए गए हैं। बाद में जब एटीएम कार्ड चेक किया गया तो वह किसी कैलाश नामक व्यक्ति का निकला। कलेक्टर कार्यालय से रिटायर्ड अधिकारी राजेश जोशी के साथ उसी दिन ठगी हुई थी। जिसकी एफआईआर परदेशीपुरा थाने में कराई गई थी और पुलिस ने रोहित पुत्र जयवीर सिंह भदौरिया निवासी भिंड, हर्षवर्धन पुत्र अनिल सिंह चौहान निवासी मैनपुरी और अंकित पुत्र जगमोहन परिहार निवासी मैनपुरी को गिरफ्तार किया था। आरोपियों के कब्जे से एक बाइक भी बरामद की गई थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि जगदीश पाल के साथ हुई वारदात में भी यही आरोपी शामिल थे। अब विजयनगर पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर उनसे अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ करेगी। पुलिस को आशंका है कि इस गिरोह ने शहर के अन्य इलाकों में भी बुजुर्गों को निशाना बनाया है।

# मां के दूसरे पति पर चाकू से हमला

### आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर। परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपनी मां के दूसरे पति पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने युवक के गले और सीने पर चाकू से वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां आईसीयू में उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।**

परदेशीपुरा थाना प्रभारी आरडी कानवा के अनुसार शिवाजी नगर निवासी राहुल पुत्र कैलाश वर्मा पर हमला करने के मामले में पुलिस ने सोमवार को जय उर्फ मिडी पुत्र



राकेश खराड़े के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। घटना देवी अहिल्या परिसर के पास शिवाजी नगर की है। राहुल ने अपने बयान में बताया कि वर्ष 2020 में जय खराड़े की मां ने पहले पति से तलाक लेकर मुझसे शादी कर ली थी। इसी बात को लेकर जय उससे रंजिश रखता था। रविवार रात राहुल एक शादी के रिसेप्शन में जा रहा था, तभी रास्ते में जय ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद अचानक उसने चाकू निकालकर राहुल के गले और सीने पर हमला कर दिया। हमले के बाद राहुल जान बचाने के लिए दौड़ा, लेकिन कुछ दूरी पर जाकर गिर पड़ा। इसी दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर राहुल के बयान लिए। आरोपी का नाम सामने आने पर पुलिस ने उसके दोस्त के घर दबिश दी, जहां से जय को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी इंदौर से बाहर भागने की तैयारी में था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# सहेलियों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में सहेलियों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पुलिस ने इस मामले में जातिसूचक शब्द कहने और मारपीट करने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता मनाली राव की शिकायत पर पुलिस ने चंचल बेस, प्रज्ञा, सुमित और सीमा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मनाली बीपीटी सेकेंड ईयर की छात्रा है और चंचल उसकी सहेली थी। दोनों के बीच कुछ समय पहले राजस्थान में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों इंदौर लौट आईं और बातचीत बंद हो गई। इसी रंजिश के चलते चंचल अपने भाई सुमित, बहन प्रज्ञा और बुआ सीमा के साथ मनाली के घर पहुंची और उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान पीड़िता के खिलाफ जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक